# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 70 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 11 मार्च 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# गरीबी के कारण थामा बंदूक, छात्रा ने नक्सलियों से किया दूर, बाद में वही बनी अर्द्धांगिनी

## नक्सलियों ने कहा था-5000 पगार मिलेगा, लाखों रुपये लेव्ही वसूली के बाद मिलता था सिर्फ जेब खर्च

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का एक आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर युवावस्था में कदम रखने के बाद परिवार की तंगहाली और दूसरे के घरों में काम करके मां के द्वारा की गई परवरिश को देखते हुए नक्सलियों के गैंग में शामिल हो गया। शिक्षा की धारा से दूर रहने के कारण उसे अच्छे-बुरे का आभास नहीं हुआ। नक्सली उसे प्रतिमाह 5000 रुपये पगार देने का झांसा दिए थे, लेकिन 1998 में नक्सल विचारधारा से घिरने के बाद उसे सिर्फ जेब खर्च के लिए कभी-कभार पांच-सात सौ रुपये ही मिल पाता था। वर्ष 2000 में उसे एरिया कमांडर का ओहदा मिला, इसके बाद लेव्ही वसूली में अच्छी-खासी रकम मिलती थी, लेकिन नक्सलियों के बड़े ओहदेदार एक-एक रुपये का हिसाब लेकर लाखों रुपये अपने पास रख लेते थे। ऐसे में घर की तंगहाली दूर नहीं हो पाई।

इसी बीच कक्षा 10वीं में डौरा हाईस्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा का पत्र उसे मिला, जिसमें वह मिलने की इच्छा जाहिर की थी। पत्रों के आदान-प्रदान के बीच इनकी मुलाकात जंगल में हुई, और उसने नक्सलियों से दूरी बनाने के लिए प्रेरित किया। इधर गांव जाने पर पुलिस के इन्काउंटर का भय इधर छात्रा की बात ने उसे झंझावात में डाल दिया था। छात्रा ने ही इसका समाधान निकाला और कुछ रुपये की व्यवस्था स्वयं करके एरिया कमांडर के साथ असम चली गई। यहां कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया और दोनों एक-दूजे के हो गए। इसके बाद इन्होंने अपने गांव पहुंचने की ठानी और स्वजन से चर्चा करके नक्सल विचाराधारा का त्याग करके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण करने की ठान ली। इसके पीछे एक कारण छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति भी थी। बेहतर भविष्य के आस में कभी उत्तर सरगुजा और लुण्ड्रा क्षेत्र में नक्सली एरिया कमांडर के नाम से मशहूर चलगली थाना क्षेत्र के ग्राम गम्हरिया का सीताराम सोनवानी वर्ष 2021 में कोरोनाकाल के समय तत्कालीन पुलिस अधीक्षक बलरामपुर रामकृष्ण साहू के समक्ष खुद को आत्मसमर्पित कर दिया।






### बिराजो बनी अर्द्धांगिनी, 3 बच्चे सहित भरा-पूरा है परिवार

सीताराम बताता है कि बिराजो नाम की जिस छात्रा से पहले पत्राचार, फिर जंगल में मिलाप हुआ, उससे वह कब दिल लगा बैठा, पता ही नहीं चला। महज 2000 रुपये की व्यवस्था करके निकली इस स्कूली छात्रा ने बिना किसी लोभ के उसे नक्सलियों से दूर करने की पहल की और वह उसकी अर्द्धांगिनी बन गई। मुलाकात से पहले उसे इस बात का भी भय भी सता रहा था कि कहीं वो पुलिस की मुखबिर न हो। इसके बाद भी वह पूरी तैयारी के साथ हर परिस्थिति से निपटने की तैयारी करके उससे मिलने के लिए पहुंचा था। सामने अकेली लड़की को देखने के बाद वह अपने अन्य साथियों को अलर्ट करके उससे बात करने चले गया। वर्तमान में उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनके भविष्य की चिंता उसे सता रही है। छोटा पुत्र छह साल का है, वहीं बड़ा लड़का कक्षा 12वीं की परीक्षा दे रहा है।

### जमीन है तो पट्टा नहीं, मकान बनाते डूब गया कर्ज में

सीताराम को मलाल सरकारी सिस्टम से मिल रहे असहयोग का है। जमीन है तो पट्टा नहीं, मकान बनाने में सिर पर चढ़े कर्ज की चिंता सता रही है। ऐसे में वह गांव छोड़कर मंगलवार को अंबिकापुर सरगुजा रेंज के आईजी से मुलाकात करने के लिए पहुंचा था, लेकिन उनके जिला मुख्यालय में नहीं रहने के कारण मुलकात नहीं हो पाई। उसने मीडिया के समक्ष कहा कि यदि उसे नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिला तो उसे परिवार के साथ आत्महत्या करने या फिर मजबूरी में घर छोड़ने की नौबत बन सकती है। सीताराम का कहना है कि समाज की मुख्यधारा में लौटने के बाद वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कर्ज लेकर मकान का निर्माण कराया। अब निर्माण सामग्री देने वाले व्यापारी लगातार पैसों के लिए दबाव बना रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह इनसे नजर नहीं मिला पा रहा है। नक्सल पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली सुविधाओं का लाभ अब तक उसे नहीं मिला है।

### आत्मसमर्पण के बाद नहीं मिला पुनर्वास नीति का लाभ


पुलिस अधीक्षक बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार, सीताराम उर्फ बालकुंवर सोनवानी वर्ष 2003 में नक्सली संगठन से जुड़ा था और चलगली क्षेत्र में एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था। शासन की नक्सल पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर उसने 26 फरवरी 2021 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। प्रमाण पत्र में यह भी उल्लेख है कि उसे और उसके परिवार को शासन की पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली सुविधाओं के उद्देश्य से यह प्रमाण पत्र जारी किया गया है। आत्मसमर्पित नक्सली सीताराम का कहना है कि इस दौरान उसे शासन की नीति के तहत घर, जमीन, रोजगार देने की बात कही गई थी। विडम्बना ही कहा जाए प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए उसे मात्र 40 हजार रुपये का एक किश्त ही दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कहा गया कि मकान पूर्ण होने के बाद शेष राशि जारी कर दी जाएगी, पर आज तक वह रुपये के लिए भटक रहा है। कर्जदार उसे परेशान कर रहे हैं। ऐसे में वह रायगढ़ मजदूरी करने भी गया था, यहां महज 300 रुपये दिहाड़ी में काम कर रहा था। होली के मौके पर वह परिवार के बीच पहुंचा था।

> मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है, जैसे ही मेरे पास आएगा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **दीपक झा**
> **आईजी, सरगुजा रेंज**

# बलरामपुर जिले में 3.54 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का पर्दाफास

## सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कलेक्टर, एसपी, मजदूरों से चल रही पूछताछ

**जमीन लीज में लेकर झारखंड का व्यक्ति करवा रहा अवैध कारोबार**





**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ में दुर्ग के बाद सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में भी बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करने का मामला सामने आया है। कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी के सरनाटोली क्षेत्र में गांव से दूर जंगल के किनारे साढ़े तीन एकड़ से अधिक जमीन पर अफीम की फसल उगाई जा रही थी। खेत में अफीम की फसल पूरी तरह तैयार हो गई थी और डोडों में चीरा भी लगाया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव वैंकर टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने दो-तीन मजदूरों को हिरासत में लिया है, और पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम त्रिपुरी में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद मंगलवार को कुसमी एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। ग्रामीणों को अफीम की खेती होने की जानकारी तो थी, लेकिन यह अवैध है इसकी जानकारी नहीं थी। हाल में दुर्ग में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में मक्का के आड़ में अफीम की खेती का मामला सामने आया था। इस मामले में हुई कार्रवाई के बाद लोगों को अवैध तरीके से अफीम की खेती का पता पता चला और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। भूमि स्वामी रूप देव पिता ठाकुर भगत, कौशिल पिता रुघू की 3 एकड़ 54 डिसमिल जमीन को झारखंड का एक व्यक्ति लीज में लिया था, जिसमें अवैध रूप से अफीम की खेती करवाई जा रही थी। पुलिस और प्रशासन की टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस खेत को किसने लीज में लिया था। मौके से पुलिस टीम ने बड़ी मात्रा में सूखे डोडे बरामद किए हैं, जिसमें खसखस भरे हुए हैं। अफीम के तैयार डोडों में चीरा लगाने से अनुमान लगाया जा रहा है कि अफीम निकाला जा रहा था। पूरे एरिया को सील करके पुलिस इसमें शामिल लोगों को खंगालने में लगी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने बोला हमला

बलरामपुर में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि मैंने पहले ही कहा था कि दुर्ग तो महज पर्दाफाश की शुरुआत थी। अफीम सहित सूखे नशे का कारोबार सुनियोजित तरीके से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के संरक्षण में चल रहा है। दुर्ग में जो भाजपा नेता अफीम की खेती करते पकड़ा गया, उसे विष्णुदेव सरकार ने मुख्य आरोपी तक नहीं बनाया, यह खेल बड़ा है। पूरी भाजपा नशे के कारोबार में लिप्त है।

## पालतू खरगोश और मुर्गा को मार डाला, अपराध दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन राजपुर।** बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुंदीखुर्द में गांव के ही एक व्यक्ति ने पालतू खरगोश और मुर्गा को मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है, और मामले की जांच कर रही है।

कुंदीखुर्द निवासी कुंवर साय पिता कहरू नगेसिया, 37 वर्ष ने पुलिस को लिखित में आवेदन देकर बताया है कि वह अपने घर में खरगोश और मुर्गा पाला था, जिसमें से एक खरगोश और 4 मुर्गा को गांव का ही सहदेव रजक 08 मार्च की शाम को मार दिया, जिसका कीमत लगभग 3 हजार रुपये है। गांव के अनिल सहित अन्य ने आरोपी सहदेव रजक के करतूत को देखा और उसे पकड़ने के लिए दौड़ाए तो वह खरगोश और मुर्गा को मृत हाल में छोड़कर भाग गया। गांव के लोगों से जानकारी मिलने पर कुंवर साय थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 325 का मामला पंजीबद्ध किया है।

# पुलिस लाइन मैदान में नहीं होगा आवासीय परिसर निर्माण, आईजी का जताया आभार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के खेलप्रेमियों, जनप्रतिनिधि और नागरिकों की मांग पर संवेदनशील रुख रखते हुए सरगुजा संभाग के आईजी दीपक कुमार झा ने पुलिस लाइन मैदान में विभाग के आवासीय परिसर निर्माण की योजना को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया है। करीब एक माह पूर्व मैदान के उत्तरी भाग में विभाग के आवासीय भवन के लिए भूमिपूजन का कार्य हुआ था, इससे मैदान के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया था। अंबिकापुर शहर के उत्तरी भाग के 10 वार्डों के लिए यही एकमात्र खेल मैदान है। भूमिपूजन के उपरांत क्षेत्र के खेलप्रेमी युवा एवं नागरिकों ने कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रजनीश सिंह के साथ सरगुजा आईजी से मिलकर मैदान को बचाने की गुहार लगाई थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी इस बाबत चर्चा आईजी से की थी। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। सरगुजा रेंज के आईजी दीपक कुमार झा ने आवासीय परिसर के निर्माण स्थल को बदल दिया है, जिससे पुलिस लाइन मैदान का अस्तित्व बना रहेगा। सरगुजा आईजी के मानवीय और संवेदनशील रवैये की नागरिकों और खेलप्रेमियों ने सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

## चक्काजाम करने के मामले में सरपंच-उपसरपंच सहित अन्य के विरूद्ध केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूरजपुर जिला के भैयाथान-प्रतापपुर मुख्य मार्ग में राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए चक्काजाम करने के मामले में झिलमिली थाना पुलिस ने सरपंच, उपसरपंच सहित छह नामजद व अन्य के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक चेन्द्रा चैकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक केश्वर राम मरावी को 07 मार्च को सूचना मिली कि ग्राम करौटी-बी के कुछ व्यक्तियों के द्वारा उचित मुल्य की दुकान में राशन वितरण नहीं करने व पूर्व संचालकों के द्वारा डीडी नहीं पटाने के कारण भैयाथान-प्रतापपुर मुख्य मार्ग में करौटी-बी घोड़ापाठ चैक पर चक्काजाम कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है। सूचना पर जब वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो सड़क पर बैठकर कुछ लोग यातायात को बाधित कर रहे थे, जिससे आम जनता को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। इन्हें चक्काजाम नहीं करने की समझाइश दी गई लेकिन वे नहीं माने। सार्वजनिक मार्ग को अवरूद्ध रखने से कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। मामले में झिलमिली थाना पुलिस ने सरपंच रनमनिया पैकरा, उपसरपंच सच्चिदानन्द, शिव कुमार प्रजापति, हरसू सिंह, गौरीशंकर मिश्रा, रीता पैकरा सहित अन्य के विरूद्ध भारतीय न्याय सहिता की धारा 285, 3(5) का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# भाजपा अजजा मोर्चा के साथ पंडो समाज ने किया टीएस का पुतला दहन

## पंडो भूमि मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री के बयान से आक्रोश, नवापारा चौक पर जमकर नारेबाजी

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** लखनपुर क्षेत्रांतर्गत कुन्नी के नवापारा चौक पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं पंडो समाज द्वारा पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने पहुंचे भाजपा सरगुजा अजजा मोर्चा के कार्यकर्ता-पदाधिकारी एवं तीर-धनुष, फरसा लिए हुए पंडो समाज के लोगों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की और पुतले पर जूता-चप्पल फेंकते हुए उसे आग के हवाले कर दिया।



बता दें कि राजाकटेल गांव में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के जमीनों को एक विशेष समुदाय द्वारा कब्जा करने के मामले में पंडो जनजाति के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया द्वारा पहल की गई थी, जिस पर इनकी भूमि वापसी की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का वक्तव्य कि वे गौचर भूमि में काबिज हैं, से आहत जनजाति समाज में भारी असंतोष है। पुतला दहन में पहुंचे भाजपा सरगुजा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी लाल पैकरा ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में टीएस बाबा असहाय पंडो जनजाति के दर्द को राजनैतिक चश्मे से देख रहे हैं, वे अब भी नहीं चेते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे कई प्रकरण हैं जहां कांग्रेस के तुष्टिकरण की राजनीति से भयभीत होकर आदिवासी वर्ग अपनी व्यथा और पीड़ा बयान नहीं कर पा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या विशेष संरक्षित जनजाति पंडो समाज के लोगों को बुलाकर टीएस बाबा ने कभी पूछा कि उनको क्या दिक्कत है? तुष्टिकरण का खेल करने वाली आदिवासी विरोधी कांग्रेस को जनता समझ चुकी है। टीएस बाबा का एकपक्षीय बात आदिवासी समाज को आहत करता है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासी समाज का उपयोग केवल वोट बैंक के लिए करती है। विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर, रविकांत उरांव, कमलेश टोप्पो, सुख साय पोर्ते, डॉ. शिवमंगल सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पंडो समाज के पुरुष महिला उपस्थित थे।

# शराब लाने से मना करने पर नाती ने नानी का दांत तोड़ा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शराब लाने से मना करने पर नाती ने नानी की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करगीडीह परसापारा की सुखमेन बीते 07 मार्च को रात करीब 11 बजे अपने घर में खाना खाकर सो रही थी। इस बीच उसका नाती महेश ऊर्फ चमरू पिता हीरालाल गोड़ शराब पीकर आया और शराब पीना है, कहते हुए नानी से लेकर आने के लिए कहा। जब वह शराब लाने से मना कर दी, तो आवेशित होकर महेश गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का लात से मारपीट करने लगा, जिसमें वह जख्मी हो गई, और सामने का तीन दांत टूटकर गिर गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 117(2), 296, 351(3) का मामला दर्ज कर लिया है।







# कलेक्टर ने राइस मिलर्स की ली बैठक

## धान उठाव एवं मिलिंग में तेजी लाने के दिए निर्देश



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समितियों से धान का उठाव व मिलिंग कार्य पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित रूप से शासन के निर्देशों के अनुरूप संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की ने जिले के राइस मिलरों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित आयोजित बैठक में कलेक्टर ने धान उठाव, मिलिंग सहित अन्य प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने सभी राइस मिलर्स को उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जारी डीओ अनुसार धान का शत प्रतिशत उठाव करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने चावल जमा स्थिति की अद्यतन जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समस्त प्रक्रियाओं का पालन करते हुए धान उठाव से लेकर मिलिंग एवं चावल जमा तक की पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित, समयबद्ध और पारदर्शी रूप से करे। उन्होंने सभी राइस मिलर्स को समन्वय और जिम्मेदारी के साथ और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता न हो सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रीतिका पूजा केरकेट्टा, सहायक खाद्य अधिकारी श्री मुकेश अग्रवाल, डीएम नान श्री विद्या सागर गोपाल सहित जिले के राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग कर महिला से मारपीट और दूसरी शादी करने वाला पति गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** दहेज प्रताड़ना कर मारपीट और पति द्वारा दूसरी शादी करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ बिश्रामपुर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का आरोप था कि उसे दहेज में एक लाख रुपए और मोटरसाइकिल लाने के लिए लगातार प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया गया और बाद में उसके पति ने दूसरी महिला से विवाह भी कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसका विवाह 28 अप्रैल 2016 को नगर पंचायत शिवनंदनपुर निवासी ओम केश्वर देवांगन के साथ प्रेम विवाह के रूप में हुआ था। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे और उनके दाम्पत्य जीवन से एक पुत्री का जन्म हुआ, जिसकी वर्तमान उम्र लगभग साढ़े तीन वर्ष है। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसके पति ओमकेश्वर देवांगन और सास कौशिल्या देवी उसे दहेज को लेकर ताने देने लगे। दोनों अक्सर यह कहते थे कि उसके



मायके से दहेज में कुछ नहीं मिला और उसे अपनी मां से एक लाख रुपए और मोटरसाइकिल लाकर देने को कहते थे। जब पीड़िता ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए असमर्थता जताई, तो उसे आए दिन मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के मुताबिक गत दिनों 15 फरवरी की रात पति और सास ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद से वह अपनी तीन वर्षीय बेटी के साथ मायके ग्राम नवापारा चौकी बसदेई में रह रही है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति का एक महिला से पहले से ही अवैध संबंध था। इस बात का विरोध करने पर भी उसे मारपीट का सामना करना पड़ता था। पीड़िता के अनुसार घर से निकालने के बाद उसके पति ने 6 मार्च को उसी महिला से दूसरी शादी कर ली है। महिला का कहना है कि जब उसे दूसरी शादी की जानकारी मिली और उसने कार्रवाई की बात कही, तो उसके पति ने व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर धमकी दी कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो अश्लील वीडियो वायरल कर बदनाम कर दूंगा। पीड़िता ने बिश्रामपुर थाने में आवेदन देकर पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, दूसरी शादी और धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने पति को विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

# एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे के डिस्प्ले में गलत जानकारी, यात्री हुए परेशान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन (18241) के आधुनिक कोच में लगे डिजिटल डिस्प्ले में गलत जानकारी प्रसारित होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार 9 मार्च को दुर्ग से अंबिकापुर आ रही ट्रेन के बी-2 कोच के डिस्प्ले में पुणेङ्कनागपुर ट्रेन (12113) की जानकारी दिखाई देने लगी, जिससे यात्रियों में भ्रम की स्थिति बन गई।



बताया गया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 से रवाना होने की घोषणा की जा रही थी। यात्री फुटओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म पर पहुंचे तो बी-2 कोच के डिजिटल डिस्प्ले में दूसरी ट्रेन की जानकारी देखकर कुछ देर के लिए असमंजस की स्थिति बन गई।

ट्रेन छूटने के समय यात्रियों ने आसपास के डिब्बों के डिस्प्ले पर नजर डाली तो उनमें दुर्गङ्कअंबिकापुर एक्सप्रेस की जानकारी प्रदर्शित हो रही थी, जिसके बाद यात्री जल्दबाजी में ट्रेन में सवार हुए। यात्रियों ने इस संबंध में ट्रेन में मौजूद टीटी को जानकारी दी। बाद में उसलापुर स्टेशन पर रेल प्रबंधन ने गलती सुधारते हुए डिस्प्ले के सामने कागज चस्पा कर दिया। यात्रियों का कहना है कि रेल प्रबंधन की ऐसी छोटी त्रुटि से बड़ी घटना हो सकती है।

# लखपति दीदी बन अन्य महिलाओं के लिए बनी प्रेरणास्त्रोत

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** विकासखंड बलरामपुर के ग्राम जरहाडीह की निवासी जिरहुलिया बुनकर आज स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। अपनी मेहनत और लगन से लखपति दीदी बन चुकी हैं और सालाना लगभग दो से ढाई लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं।



जिरहुलिया बताती हैं कि रोशनी महिला स्व सहायता समूह से जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और उस समय उन्होंने 12 वीं तक की शिक्षा प्राप्त की थी। आगे बढ़ने के अवसर भी सीमित थे। लेकिन जब वे रोशनी महिला स्व सहायता समूह से जुड़ीं तब उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया ।समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली और उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए पोस्ट ग्रेजुएशन तक की शिक्षा पूरी की। साथ ही समूह की सहायता से उन्होंने आजीविका गतिविधियों की ओर कदम बढ़ाया। समूह के माध्यम से उन्हें ऋण की सुविधा मिली, जिससे उन्होंने ट्रैक्टर खरीदा और अपने काम को आगे बढ़ाया। ट्रैक्टर के माध्यम से उन्होंने कृषि कार्य एवं अन्य गतिविधियों से अच्छी आय अर्जित करनी शुरू की। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और आज वे सालाना दो से ढाई लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं और लखपति दीदी बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जिरहुलिया बुनकर कहती हैं कि स्व सहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय साबित हुआ। समूह से जुड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। आज वे अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# बलरामपुर में 2 एकड़ से अधिक भूमि में अफीम की अवैध खेती पर प्रशासन-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन सतत रूप से सक्रिय है। इसी कड़ी में विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत त्रिपुरी के सरना टोली क्षेत्र में मुखबिर के द्वारा अफीम की संभावित खेती की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव के मार्गदर्शन में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान प्रथम दृष्टिया पाया गया कि लगभग 2 एकड़ से अधिक की भूमि पर अफीम की अवैध खेती की जा रही थी। टीम के द्वारा संबंधित क्षेत्र को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक जांच प्रारंभ की गई। साथ ही संबंधित एजेंसी को सूचना दी गई है, प्रशासनिक टीम भी मौके पर मौजूद है। शाम होने के कारण कल सुबह वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाते हुए पुलिस की रात्रिकालीन निगरानी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। जिला प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एनडीपीएस एक्ट तथा एसएसएल की टीम, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम की उपस्थिति में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# तालाब का ठेका बना किसानों की मुसीबत, सिंचाई बंद होने से सूख रही फसल




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थित प्राचीन गोविन्द तालाब इन दिनों ग्रामीण किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। वर्षों से इस तालाब के पानी से सिंचाई कर अपनी खेती-बाड़ी चलाने वाले किसानों को अब पानी लेने से रोका जा रहा है, जिससे उनकी खड़ी फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। परेशान किसानों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर सूरजपुर को आवेदन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थित गोविन्द तालाब प्राचीन समय से ही किसानों के लिए जीवनदायिनी जलस्त्रोत रहा है। गांव के कई किसान इसी तालाब के पानी से सिंचाई कर धान, सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती करते रहे हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण करते आए हैं। लेकिन हाल ही में इस तालाब का ठेका एक स्वयं सहायता समूह को दे दिया गया है। ठेका होने के बाद समूह द्वारा किसानों को तालाब से सिंचाई के लिए पानी लेने से रोका जाने लगा है। किसानों का आरोप है कि तालाब का ठेका देने से पहले न तो गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई और न ही पंचायत भवन के सूचना पटल पर किसी प्रकार की सूचना चस्पा की गई। इतना ही नहीं पंचायत की बैठक में भी इस विषय पर कोई चर्चा नहीं की गई और न ही उपसरपंच व पंचों को इसकी जानकारी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच और सचिव द्वारा कथित रूप से चुपचाप दस्तावेज तैयार कर ठेका प्रक्रिया पूरी कर ली गई, जिसकी जानकारी बाद में ग्रामीणों को मिली। किसानों ने बताया कि ठेका प्रक्रिया से पहले ही कई किसानों ने लाखों रुपए खर्च कर खेतों में बीज बो दिए थे और फसल की तैयारी कर ली थी। अब सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने के कारण उनकी फसल सूखने लगी है। अगर जल्द ही पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो उनकी पूरी मेहनत और लागत बर्बाद हो जाएगी। तालाब के पानी को लेकर गांव में तनाव का माहौल बन गया है। किसानों और समूह के बीच आए दिन कहासुनी की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो गांव में बड़े विवाद की स्थिति भी बन सकती है। हर्राटिकरा के किसानों का कहना है कि उनके पास खेती के अलावा आजीविका का कोई दूसरा साधन नहीं है। वे किसी तरह खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में यदि सिंचाई का पानी ही बंद हो गया तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों और किसानों ने कलेक्टर सूरजपुर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों ने मांग किया है कि तालाब के ठेका मामले की जांच कराते हुए उन्हें सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी फसल बच सके।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली आर्थिक स्वतंत्रता

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाएँ जरूरतमंदों के जीवन का सहारा बनी है। राज्य शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण पहल है जिसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

इस योजना से जिले के लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही है। ऐसे ही ग्राम खटवाबरदर की निवासी श्रीमती मधु कुजूर ने भी लाभ लिया है। श्रीमती मधु कुजूर बताती हैं कि पहले उन्हें घरेलू खर्चों के लिए परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। सीमित आय के कारण परिवार कई बार छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो जाता था। वे बताती है कि उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से महतारी वंदन योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन किया। पात्रता पूरी होने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया। श्रीमती मधु कुजूर बताती हैं कि अब तक योजना अंतर्गत 25 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हुई शाहिन आरा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में भी महिलाएं इस योजना से लाभ लेकर स्वस्थ्य जीवन जी रही है।

एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व पुन्दाग, सेक्टर सबाग की हितग्राही श्रीमती शाहिन आरा ने भी इस योजना का लाभ लिया है। शाहिन को गर्भावस्था के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। योजना के अंतर्गत उन्हें 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। जिसमें प्रथम किश्त के रूप में 3000 रुपये एवं द्वितीय किश्त के रूप में 2000 रुपये उनके खाते में प्राप्त हुई। जिससे उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग मिला।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की

## योजना अंतर्गत मिशन मोड में कार्य करने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष श्री राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित नल-जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि नल जल योजना केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी आपसी समन्वय के साथ जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करना सुनिश्चित करें और योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समन्वय और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री पंकज जैन ने 2025-26 में लक्षित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवार पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ठेकेदारों से नल-जल कार्यों से पूर्ण किए जा चुके ग्रामों/बसाहटों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही शेष बचे कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि ऐसे बसाहटें जहां स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है, वहां प्राथमिकता से पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामों में नल-जल योजनाओं की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता, पाइपलाइन विस्तार, स्त्रोत विकास, जल टंकी निर्माण की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जल स्त्रोत सुनिश्चित करने के पश्चात ही पाइपलाइन का विस्तार करें ताकि पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके। कलेक्टर श्री कटारा ने कार्यों में आ रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उपस्थित ठेकेदारों को अपूर्ण कार्यों को निर्धारित दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हर घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। इसमे किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जो ठेकेदार कार्य में कोताही बरत रहे है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें तथा ऐसे ठेकेदार जिनकी कार्य में रूची नहीं है उनका अनुबंध निरस्त करें। साथ ही शासकीय कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में संबंधित सदस्य एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# शासन-प्रशासन के प्रयासों से महिला सशक्तिकरण को मिल रही नई दिशा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शासन-प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत मानपुर की निवासी श्रीमती सीता ने सीमित संसाधनों के बावजूद स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी है। समूह से जुड़ने से पहले सीता के परिवार की वार्षिक आय लगभग 20 हजार रुपये थी, खेती और मजदूरी पर निर्भर सीता के लिए घर का खर्च भी चलाना काफी मुश्किल हो जाता था। जिससे कई आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में सीता ने शिवगुरु महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बैंक ऋण लेकर अपनी आजीविका गतिविधियों का विस्तार किया। वे बताती हैं कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से मजदूरी करने के साथ कृषि कार्य में सहयोग कर रही हैं। अतिरिक्त आय के लिए लोन से उन्होंने सिलाई का कार्य भी प्रारंभ किया। आज उनके परिवार की वार्षिक आय 20 हजार रुपये से बढ़कर लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये तक पहुंच गई है।

सीता बताती हैं कि समूह से जुड़ने से पहले घर का खर्च चलाना भी मुश्किल था, लेकिन आज सालाना लाख रूपये की आय अर्जित रही हैं और लखपति दीदी बन कर ग्रामीण महिलाओं को लाभ लेने प्रेरित कर रही है। वे कहती हैं कि शासन-प्रशासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जो महिलाओं के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकती है। उन्होंने कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति में सुधार बिहान मिशन के सहयोग से संभव हो पाया है, जिसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

## सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि अवराडुग्गू निवासी सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी 65 वर्षीय विचार दास पिता भीख दास ने अज्ञात कारणों से घर के आंगन में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# 2 साल में 9 बाघ और 38 हाथियों की हुई मौत, विधानसभा में विपक्ष के सवाल पर सरकार ने दिया जवाब

## सरकार ने कहा, ज्यादातर जानवरों की मौत करंट और वाहनों के टक्कर से हुई है. कांग्रेस विधायक ने अंडरपास बनाने की मांग की

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुरः विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक बार विपक्ष ने धान खरीदी से लेकर वन्य जीव संरक्षण पर सरकार को घेरा. विपक्ष की ओर से आरोप लगाया कि वन्य जीव संरक्षण के कामों में ये सरकार पूरी तरह से विफल रही है. वन्य जीवों की मौत को लेकर पामगढ़ से कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने वन मंत्री से सवाल पूछा था, जिसका जवाब वन मंत्री ने दिया.

### 24 महीने में 9 बाघ और 38 हाथियों की मौत

पामगढ़ से कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश कहा कि आज 11वें नंबर पर मेरा प्रश्न लगा था. मैंने पूछा था कि दिसंबर 2023 से 2026 तक की अवधि में कहां-कहां बाघ और हाथियों की मृत्यु हुई है, इसकी जानकारी सदन को दी जाए. इस पर सत्ता पक्ष की ओर से विस्तार से जवाब आया है. जवाब में बताया गया है, कि दो साल की अवधि में 9 बाघ 38 हाथी और 562 अन्य जीव की मृत्यु हुआ है. ये भी बताया गया है कि कई जानवरों की मृत्यु करंट और वाहन की टक्कर से हुई है.

### सरकार और उसके अफसर नाकाम साबित हुएः कांग्रेस

पामगढ़ से कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश कहा, हम दूसरे राज्यों से बाघ लाते हैं लेकिन हम अपने यहां के बाघों को सुरक्षित नहीं रख पाते हैं, ये तकलीफदेह बात है. वन विभाग पूरी तरह से अपने काम को करने में असफल साबित हो रहा है. हाथियों और अन्य जानवरों के लिए जंगल में खतरे वाली जगह से आने-जाने के लिए अंडरपास होना चाहिए. अगर ऐसा होगा तो कई जानवरों की जान बच सकती है.

### पामगढ़ विधायक ने दिया सदन में सुझाव

कांग्रेस विधायक ने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि जानवरों की जान बचाने लिए जो भी उचित कदम हों वो उठाए जाने चाहिए. वन्य जीवों की मौत पर शासन और वन विभाग के



अफसरों को सचेत होना पड़ेगा. विधायक ने कहा कि 11 केवी के तार से जो हुकिंग होती है और उसे खुला छोड़ देते हैं उसे रोकना होगा. वायरों को इंसुलेट करना होगा ताकि करंट से जानवरों की जान नहीं जाए, शिकारियों को भी जंगल में करंट फैलाने में मदद नहीं मिले.पामगढ़ विधायक ने कहा कि बाघों और हाथियों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है. वन्य जीव संपदा पर हम सबको मिलकर काम करना होगा. विधायक ने कहा कि कई ऐसे बाघों की मौत हुआ है जिनकी उम्र महज चार से पांच साल के बीच रही है. हमारे बच्चे इन जानवरों को देख सकें इसके लिए हमें इनके संरक्षण और संवर्धन दोनों पर काम करना होगा.

### वन मंत्री ने सदन को दी जानकारी

2023 से अब तक प्रदेश में कुल 38 हाथियों की मौत दर्ज हुई.

2023 में बलरामपुर और धरमजयगढ़ में एक-एक हाथी की मौत हुई.

2024 में सबसे ज्यादा 18 हाथियों की मौत हुई, जिनमें रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर, सूरजपुर, धमतरी, बिलासपुर और उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के मामले शामिल हैं.

2025 में 16 हाथियों की मौत हुई. इनमें रायगढ़ वन मंडल में 7, धरमजयगढ़ में 4, कोरबा में 2, जबकि बलरामपुर, सूरजपुर और कटघोरा में एक-एक हाथी की मौत हुई.

2026 में अब तक 2 हाथियों की मौत हो चुकी है, जिनमें एक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और एक रायगढ़ वन मंडल का मामला शामिल....

2 वर्षों में राज्य में 9 बाघों की मौत हुई है.

2024 में सारंगढ़-बिलाईगढ़ वन मंडल और कोरिया में एक-एक बाघ की मौत हुई.

# उद्योगपतियों के लिए जंगल की हो रही अंधाधुन कटाई, जंगल को खत्म करने की ये साजिशः कांग्रेस

## कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने कहा, वन मंत्री हमारे सवालों का सदन में जवाब नहीं दे पाए

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुरः बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान आज भी पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच जोरदार बहस हुई. सदन में एक बार फिर विपक्ष ने छत्तीसगढ़ में काटे जा रहे पेड़ों को लेकर चिंता जताई. भिलाई नगर से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा, उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखकर जंगल काटे जा रहे हैं. उद्योगों के नाम पर पेड़ों की बली ली जा रही है. कांग्रेस विधायक के आरोपों पर वन मंत्री ने कहा कि विपक्ष के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं.

### सदन में कांग्रेस विधायक ने वन मंत्री को कई मुद्दों पर घेरा

देवेंद्र यादव ने कहा, माननीय वन मंत्री केदार कश्यप जी से मैंने साफ सवाल किया था. मैंने वन मंत्री जी से कहा था कि वो मेरे सवाल का जवाब सदन के पटल पर दें.मेरा सवाल था कि पिछले कुछ सालों में कितनी जगहों पर खदानों के लिए या अन्य कामों के लिए पेड़ काटने की अनुमति ली गई. जो विभाग की ओर से जानकारी दी गई उससे साफ पता चलता है कि वानांचल और वन भूमि को खत्म करने की साजिश



की जा रही है. जो दस्तावेज मंत्री जी के विभाग की ओर से दिया जा रहा है वो बरगलाने वाला है. वो कहते हैं कि लगभग 2 लाख पेड़ काटने की अनुमति दी गई.जबकि नियम ये कहता है कि जितने पेड़ काटे जाते हैं उतने पेड़ लगाने हैं. लेकिन इसकी कोई जानकारी हमें या सदन को उपलब्ध नहीं कराई गई. जंगल को बढ़ाने पर कोई जानकारी संबंधित विभाग और मंत्री जी के पास नहीं है.

### कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव का आरोप

होली की छुट्टियों के बाद बजट सत्र का आज दूसरा दिन है. पहले दिन की तरह आज भी सदन में विपक्ष ने अपने तीखे तेवर दिखाए. विपक्ष की ओर से महिला विधायकों ने भी सरकार पर कई मुद्दों को लेकर हमला बोला. विपक्ष लगातार ये आरोप भी लगा रहा है कि सत्ता पक्ष के मंत्री उनके सवालों का बराबर जवाब नहीं दे रहे हैं.

# अफीम की खेती करने वाले भाजपा नेता के भाई की दुकान जमींदोज, तहसीलदार की मौजूदगी में चला बुलडोजर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

दुर्गः जिला प्रशासन दुर्ग ने समोदा गांव में आज बड़ी कार्रवाई करते हुए, पूर्व भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के भाई बृजेश ताम्रकार के अवैध दुकान को जमींदोज कर दिया. सुबह होते ही बुलडोजर समोदा गांव पहुंच गई. जैसे ही तहसीलदार क्षमा यदु मौके पर पहुंचीं, बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया. देखते ही देखते पूर्व बीजेपी नेता के भाई की दुकान को ध्वस्त कर दिया गया. कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा.

### अफीम की खेती करने वाले बीजेपी नेता के भाई की अवैध दुकान जमींदोज

दुर्ग तहसीलदार क्षमा यदु ने कहा, "ग्राम समोदा की शासकीय भूमि खसरा नंबर 778, लगभग 32 डिसमिल जमीन पर बृजेश ताम्रकार द्वारा पिछले करीब 10 वर्षों से अवैध रूप से कब्जा था. आरोपी ने जमीन पर कब्जा कर वहां पर दुकान खोल रखे थे, जिसे आज हमने जमींदोज कर दिया है. तहसीलदार ने बताया कि इस मामले में तहसील न्यायालय से पहले ही बेदखली का आदेश जारी हो चुका था, लेकिन लंबे समय तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया. ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा भी लगातार इस अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन को दी जा रही थी. जिला प्रशासन द्वारा बेदखली वारंट जारी होने के बाद आखिरकार आज राजस्व अमले ने बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को हटाते हुए दुकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया."

### कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रही पुलिस

नगर निगम की कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं बने, इसके लिए पुलिस फोर्स को भी मौके पर बुलाया गया. अवैध दुकान को जब तोड़ा जा रहा था तब बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे. लेकिन किसी ने भी कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश नहीं की.

### जानिए, क्यों चर्चा में है समोदा गांव

दरअसल, बीते दिनों समोदा गांव के बच्चे खेलते-खेलते एक खेत में पहुंच गए. खेत में उनको अजीब तरह के फल और फूल लहलहाते हुए मिले. बच्चे वो फल और फूल गांव लेकर दूसरे लोगों को दिखाने के लिए ले आए. गांव के बुजुर्गों ने जब वो फल और फूल देखे तो बताया कि ये तो अफीम के फल और फूल हैं. तब बच्चों ने बताया कि ये गांव के बाहर एक खेत में जिसमे से वो लेकर आए हैं. इसके बाद लोग उस खेत तक पहुंचे. मामला पुलिस तक पहुंचा और फिर ये मुद्दा विधानसभा में उठा. आनन फानन में अफीम की खेती करने के आरोप में बीजेपी नेता को पार्टी ने निलंबित कर दिया. पार्टी ने कहा कि जो भी इस तरह के आरोपी हैं उनपर कानून अपने तरीके से कार्रवाई करेगा.

# विजय को मिली बिहार में विजय कराने की जिम्मेदारी

## विधान सभा के बाद राज्यसभा चुनाव में अहम हुई छत्तीसगढ़ की भूमिका

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुरः 10 राज्यों के 37 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होना है. इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी अपनी तैयारी में जुट गई है. इसमें बिहार के राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है.

### राज्यसभा चुनाव में विजय शर्मा को बिहार की जिम्मेदारी

भारतीय जनता पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बिहार, हरियाणा और ओडिशा के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है. बिहार के राज्यसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को बिहार में चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है. इन दोनों लोगों को पर्यवेक्षक बनाया गया है.

### राज्यसभा चुनाव में बिहार पर नजर

इस बार बिहार के राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा पूरे देश में है. राज्यसभा का चुनाव इस बार काफी अहम भी है. क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी राज्यसभा के चुनाव का नामांकन कर चुके हैं. वही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी 16 मार्च को राज्यसभा के लिए चयनित होंगे.

### छत्तीसगढ़ में हो चुका है निर्विरोध चुनाव

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीते हैं. इसमें भारतीय जनता पार्टी की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेता राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी जा चुकीं हैं. इन दोनों लोगों को 9 मार्च को विधानसभा के सचिव ने जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया है.

### 2025 बिहार विधान सभा चुनाव में भी थी अहम भूमिका

साल 2025 बिहार विधान सभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई थी. भाजपा प्रभारी और वर्तमान में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित तमाम बड़े नेता बिहार चुनाव में गए थे. छत्तीसगढ़ के पर्यटन संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल को वैशाली जिला और पातेपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी. छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की ड्यूटी भी बिहार में लगाई गई थी, उनको उत्तर बिहार के कई जिलों की जिम्मेदारी दी गई थी. वहीं पहले चरण में शामिल छपरा, सीवान और गोपालगंज का प्रभारी बीजेपी के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को बनाया गया था. बिहार की राजनीति में छत्तीसगढ़ के नेताओं का जाना छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के लिए काफी शुभ माना जा रहा है. खास तौर से नितिन नबीन उन्हें खूब जगह भी दे रहे हैं.

# सरकारी अफसर की पत्नी से स्वर्णभूमि निवासी कारोबारी ने बंधक बनाकर किया दुष्कर्म , पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर - राजधानी में सरकारी अफसर की पत्नी से रेप हुआ है। स्वर्णभूमि सोसायटी में रहने वाले कारोबारी गोपाल गोयल ने 8 मार्च को महिला को बंधक बनाया, उससे दुष्कर्म किया। किसी तरह महिला वहां से बचकर निकली और थाने में शिकायत दर्ज कराई। 10 मार्च को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। आरोपी गोपाल गोयल सेकेंड हैंड गाड़ियों का व्यापार करता है।

### पीड़िता ने दर्ज कराई शिकायत

सरकारी अफसर की पत्नी ने थाने में बयान दर्ज कराया जिसके मुताबिक, 8 मार्च को आरोपी ने उसे अपने कब्जे में लेकर बंधक बना लिया था। उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद किसी तरह वह आरोपी के चंगुल से निकलकर थाने पहुंची। पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की। जांच के बाद सोसायटी में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।

### एट्रोसिटी और रेप की धाराओं के तहत एक्शन

सिविल लाइन थाना प्रभारी यमन देवांगन ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की रेप से संबंधित धाराओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद पीड़िता का हेल्थ चेकअप कराया गया है। उसके बयान भी दर्ज किए गए हैं। इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पीड़िता के बयान और सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण विकास में सरपंचों की है महत्वपूर्ण भूमिका

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय के सभा कक्ष में जशपुर जिले से चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर आए सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।मुख्यमंत्री श्री साय ने बड़ी आत्मीयता से सरपंचों से भेंट कर उनके क्षेत्र की स्थिति तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्रामीण विकास में सरपंचों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं पंच के रूप में जनसेवा का कार्य प्रारंभ किया था। पंच रहने के बाद वे सरपंच बने और आगे चलकर विधायक तथा सांसद के रूप में भी जनता की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यदि किसी सरपंच में अपने गांव और पंचायत के विकास के लिए समर्पण और जज्बा हो, तो वह अपने क्षेत्र में



बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर अधोसंरचना विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरपंचों के कंधों पर होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने सरपंचों से आग्रह किया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण जनता को उनका पूरा लाभ मिल सके।उन्होंने कहा कि समर्पित नेतृत्व और योजना के सही क्रियान्वयन से कोई भी पंचायत आदर्श पंचायत बन सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरपंचों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने पंचायत क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर विभागीय मंत्रियों और अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं।उन्होंने कहा कि अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों को देखकर सीखना और उन्हें अपने गांवों में लागू करना है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले से चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर आए 35 सरपंचों का दल आज विधानसभा की कार्यवाही देखने विधानसभा पहुंचा था। भ्रमण के दौरान यह दल दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत पतोरा तथा धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सांकरा में हुए विकास कार्यों का अवलोकन भी करेगा।

# जमीनी विवाद पर दर्ज कराई टोनही प्रताड़ना केस, HC ने खारिज की अपील

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बलरामपुर-रामानुजगंज - छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने टोनही प्रताड़ना केस में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय एस अग्रवाल ने सेशन कोर्ट के आरोपियों को बरी करने के फैसले को सही मानते हुए पीड़िता की अपील खारिज कर दी है।कोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि शिकायत दर्ज करने में देरी, गवाहों के बयानों में विरोधाभास और जमीन विवाद की पृष्ठभूमि के कारण केस संदेहास्पद बन गया। किसी भी केस में ऋकफ में देरी का स्पष्ट कारण होना अनिवार्य है। मामला बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से जुड़ा हुआ है।जहां जमीनी विवाद दंपती ने टोनही बताकर महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। पीड़ित की शिकायत पर दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। प्रथम श्रेणी न्यायालय ने दंपती को दोषी पाया। इसके बाद



उन्होंने इस फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटते हुए दोनों आरोपियों को बरी किया। ऐसे में पीड़ित ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

### जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की महिला ने 26 अगस्त 2012 को शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया गया कि 8 अगस्त 2012 की सुबह करीब 11 बजे रामलाल यादव अपनी पत्नी फूलकुमारी के साथ उसके घर आए।

# सरगुजा में 'लैंड जिहाद' का तूलः पण्डो जनजाति की पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, टीएस सिंहदेव के बयान पर पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनपुर। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मांजा के राजाकटेल में विशेष संरक्षित जनजाति पंडो समुदाय की पुश्तैनी और राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले भोले-भाले आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला तेजी से बढ़ता जा रहा है।पिछले एक महीने से यह विवाद गरमा रहा है, जहां बिहार, झारखंड से आए मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों पर आरोप है कि उन्होंने पण्डो जनजाति की जमीन पर मकान बनाकर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। प्रभावितों का दावा है कि यह कई एकड़ भूमि का मामला है, जिसमें पण्डो और मझवार जनजाति के लोग प्रभावित हैं। पण्डो समुदाय ने कई बार कलेक्टर, एसपी, आईजी और स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन शुरूआत में कोई कार्रवाई



नहीं हुई। इसके बाद भाजपा जनजाति मोर्चा के हस्तक्षेप से कुछ आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। पुलिस ने धमकी और कब्जे के मामले में ऋकफ दर्ज की है, तथा प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। कमिश्नर और मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर रऊट कोर्ट में धारा 170बी के तहत मामला दर्ज कर कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है। इस बीच, पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने बयान दिया कि ज्यादातर कब्जा गोचर भूमि पर हुआ है, न कि जनजातियों की निजी जमीन पर।हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ मामलों में पण्डो की जमीन भी प्रभावित है। सिंहदेव के इस बयान से पण्डो समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया। प्रतिक्रिया में, राजाकटेल के पण्डो समाज ने नवापारा चौक (एनएच 130) पर विरोध प्रदर्शन किया और टीएस सिंहदेव का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में पण्डो समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सन्मान पंडों, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्र भगत, रळ मोर्चा जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी पर, महामंत्री रविकांत उरांव, कमलेश टोप्पो, ग्राम सरपंच खेमराज सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि महंत, महामंत्री विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, हरकेश यादव, महेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पण्डो समाज के लोग, युवा भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं, ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।



मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

# दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

> शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक



वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है। इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण, प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
**दर्शन**

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
**प्रेरणा**

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत सिर्फ शांति चाहता है

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन व इजराइल-अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन-सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

*- जयेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।



## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## ट्रेंड

### नारी शक्ति की उपलब्धियां



भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण हैं। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र पर सीधा हमला



आज हम जो देख रहे हैं वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।

- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### हमारी विदेश नीति



हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### हवाई किराए में वृद्धि



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान



## भागीदारी फर्म में परिवर्तन होने की सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मे० आर एस कंस्ट्रक्शन में मूल रूप से 2 भागीदार 1. सुनील मिश्रा, 2. सुधा मिश्रा पंजीकृत थे। फर्म के भागीदार श्रीमती सुधा मिश्रा स्वेच्छा से दिनांक 05/11/2025 भागीदारी से बाहर हो गयी हैं एवं भागीदार श्री सुशील मिश्रा, फर्म के नए भागीदार के रूप में दिनांक 05/11/2025 को फर्म में सम्मिलित किया गया है। श्री सुनील मिश्रा एवं श्री सुशील मिश्रा की आपसी सहमति से हिस्सेदारी में परिवर्तन किया गया है। आज दिनांक 10/03/2026 के अनुसार फर्म में कुल 2 भागीदार सुनील मिश्रा एवं श्री सुशील मिश्रा सक्रिय हैं।

मे० आर एस कंस्ट्रक्शन
राजमोहिनी वार्ड, राजमोहिनी भवन,
विघा नगर, सेक्टर-4, दत्ता कालोनी, अम्बिकापुर (छ०ग०)

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।



### लूसी ने लिए तीन विकेट

प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका, जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं, जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए।

## रैंडेल का कहर, पांच गेंदों पर चटकाए 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| नेपियर

ब्रेट रैंडेल ने नेपियर में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बीच प्लंकेट शील्ड मैच में इतिहास रच दिया। इस मैच की पहली पारी में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 4 रन था और टीम का कोई विकेट नहीं गिरा था, लेकिन इसके बाद रैंडेल ने कहर बरपा दिया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लिए। फिर नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट हो गया। रैंडेल का पहला शिकार हेनरी कूपर हुए, जो उनकी सटीक इनस्विंगर पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जीत रावल आउट हुए और फिर जो कार्टर का विकेट लेकर रैंडेल ने अपनी हैट्रिक पूरी की। फिर उन्होंने रॉबर्ट ओ'डॉनेल को स्लिप में कैच कराया और क्रिस्टियन क्लार्क को आउट किया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लेने का कमाल किया।



### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र० /अ-20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक पाण्डेय आ० श्री अनिल पाण्डेय, निवासी नवापारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ०ग० के द्वारा मोहल्ला-नवापारा, शीट नंबर-01 नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक- 1/4864/6 रकबा 0.171/4 एकड का लीज अवधि दिनांक 31/03/2026 को समाप्त हो रही लीज अवधि को बढ़ाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई सवा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा
**रा०प्र०क्र०/ब-121 1/2025**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अंकित अग्रवाल आ० सुरेन्द्र अग्रवाल, निवासी बिलासपुर चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 10 मोहल्ला अस्पताल रोड़, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 4173/6 रकबा 0.06 एकड़ (2613.6 वर्गमीटर) पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 173.58 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 173.58 वर्गमीटर एवं द्वितीय तल पर रकबा 173.58 वर्गमीटर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमेश कुमार पिता कपूरचन्द अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवनन्दनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा निवेदन किया गया है, कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर नंबर 167/8, रकबा 0.014 हे० भूमि को आवेदक द्वारा जगजीत सिंह पिता टी०एस०बग्गा निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर से क्रय हक के माध्यम से प्राप्त हुआ है। तथा जो भूमि वर्ष 1981-82 में बचन बग्गा पत्नी जगजीत सिंह के नाम से व्यपवर्तित हो चुकी है, उक्त भूमि का पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात. प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्विकापुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष**
**ग्राम प.ह.न. 14**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन सिंह पिता शिव प्रसाद जाति गोड़ निवासी ग्राम रगदा प. ह.न .14 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता स्व. शिव प्रसाद का मृत्यु दिनांक 25/08/2003 को हुई है. अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पिता स्व. शिवप्रसाद का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत रगदा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/03/2026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला - सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा (छ०ग०)
**रा०प्र०क० /अ-6/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूजा चौबे पत्नी अशोक चौबे पुत्री कपिल देव नारायण पाण्डेय, निवासी ग्राम शिप्रा सनसिटी, सूर्यकांत निराला रोड गाजियाबाद उ.प्र. द्वारा ग्राम सकालो स्थित भूमि खसरा नंबर 315/4 रकबा 0.052 भूमि जो अनावेदिका/हक त्यागकर्ता निर्मल कुमार पाण्डेय आ० कपिल देव नारायण पाण्डेय के हक और हिस्से की भूमि का पंजीकृत हक त्याग विलेक दिनांक 27.06.2025 को आवेदिका के पक्ष में हक त्यागनामा का निष्पादन किया गया है। आवेदिका द्वारा उपरोक्त हक त्याग के आधार पर अनावेदक निर्मल कुमार पाण्डेय आ० कपिल देव नारायण पाण्डेय, निवासी केदारपुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० का नाम विलोपित कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/03/2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार,
अम्बिकापुर-2

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2025-26**

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रहलाद राय पिता कुन्दनलाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवनन्दनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा निवेदन किया गया है, कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर नंबर 165/31, रकबा 0.014 हे० भूमि को आवेदक द्वारा जगजीत सिंह पिता टी०एस०बग्गा निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर से क्रय हक के माध्यम से प्राप्त हुआ है। तथा जो भूमि वर्ष 1981-82 में बचन बग्गा पत्नी जगजीत सिंह के नाम से व्यपवर्तित हो चुकी है, उक्त भूमि का पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

## पत्रकार अग्निवेश सिंह हत्याकांड में कार्रवाई की मांग को लेकर इंडियन प्रेस एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर। बांसगांव संदेश गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र में पत्रकार एवं अधिवक्ता अग्निवेश सिंह की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर इंडियन प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी गोरखपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 27 फरवरी 2026 को गोरखपुर में नाली विवाद के दौरान पत्रकार अग्निवेश सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई थी। संगठन ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि दिवंगत पत्रकार अग्निवेश सिंह का व्यवहार सरल, मिलनसार तथा पत्रकारिता के प्रति पूर्ण समर्पित था। उनका असमय निधन पत्रकार समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इंडियन प्रेस एसोसिएशन के संस्थापक राजेश कुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष शक्ति शंकर सिंह बारी, महामंत्री कृष्णा कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आदित्य अंचल श्रीवास्तव, संगठन मंत्री संजय कुमार गुप्ता, महासचिव अरुण कुमार श्रीवास्तव, सचिव पुनीत महाराज, राष्ट्रीय सचिव अविनाश श्रीवास्तव प्रदेश प्रभारी दिनेश कुमार मोदी प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव मंडल प्रभारी विजय कुमार गुप्ता आशीष अस्थाना आजमगढ़ जिला प्रभारी रविकांत शुक्ला विवेक अस्थाना मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता रेखा त्रिपाठी संजय त्यागी शत्रुधन शर्मा सूर्यमणि जिला अध्यक्ष गोंडा सौरभ श्रीवास्तव जिला प्रचार मंत्री देवरिया अनुराग श्रीवास्तव परशुराम विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए न्याय की मांग की।

## आशा सुभाष मराठे एम पश्चिम प्रभाग समिति की अध्यक्षा बनीं

मुंबईःचेंबूर एम वार्ड (प) में प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नामांकन पत्र दाखिल करने से मुंबई के उप महापौर संजय घाडी पीठासीन अधिकारी ने निर्विरोध रुप से प्रभाग समिति के अध्यक्ष के लिये वार्ड नंबर 152 की नगर सेविका आशा सुभाष मराठे के नाम की घोषणा कर दी। इस दौरान आशा सुभाष मराठे को बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री अविनाश महातेकर, विधायक तुकाराम काते, पूर्व विधायक प्रकाश फातर्पेकर शिक्षण समिति की अध्यक्ष राजश्री शिरवाडकर, विठ्ठल खरटमोल, सुषम सावंत के अलावा अनेकों लोगों ने आशा सुभाष मराठे को शाल श्रीफल और गुलदस्ता देकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी।


## पीएमएसएमए दिवस का हुआ निरीक्षण, वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की हुई जांच

गोरखपुर। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस का निरीक्षण किया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन करवाया गया। डॉ झा की पहल पर स्वास्थ्य विभाग का मातृ-शिशु स्वास्थ्य और बुजुर्गों की सेहत पर विशेष जोर है। डॉ झा ने खोराबार पीएचसी पर पीएमएसएमए दिवस का औचक निरीक्षण किया।

## नांगलोई में बेकाबू हुई डीटीसी बस
## कइयों को कुचला, 2 की मौत गुस्साई भीड़ ने किया पथराव


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है।



आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनके शव एसजीएम अस्पताल और महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग में रखे गए हैं।

## नए रूप में दिखेगा 173 साल पुराना हावड़ा स्टेशन



हावड़ा। रेल मंत्रालय ने अगले पांच सालों में 173 साल पुराने हावड़ा स्टेशन को अपग्रेड करने का प्लान बनाया है। इससे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही की संख्या भी बढ़ेगी। हावड़ा देश का सबसे पुराना और सबसे बड़े रेलवे स्टेशनों में से एक है। हावड़ा स्टेशन का निर्माण 1854 में हुआ था। ईस्टर्न रेलवे के कैपेसिटी बढ़ाने के काम के तहत, हावड़ा रेलवे स्टेशन को दो नए प्लेटफॉर्म मिलने वाले हैं। 635 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म नंबर 24 पर 24 कोच वाली लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में
**मामला क्रमांकः 202512820700041**
**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणी राजस्व**
**समः-2025-2026**
**फुन्दुरडिहारी प.ह.नं. 00016(हे0)**
**पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार इन्द्रावती देवी, अनावेदक पक्षकार कोई नही**
**ईश्तहार**

आवेदिका इन्द्रावती पत्नी दयाशंकर यादव निवासी महुआपारा फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम फुन्दुरडिहारी में खसरा न० 192/212 रकबा 0.020 हे० भूमि स्थित है उक्त भूमि आवेदिका के पंजीबद्ध विक्रयपत्र द्वारा दिनांक 25/11/2009 के माध्यम से क्रय किया गया है तथा नामांतरण पश्चात पुस्तिका भी प्रदान किया है, किन्तु त्रुटिवश उक्त भूमि के अनलाईन राजस्व अभिलेखों में आवेदिका का नाम दर्ज नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो दिनाक 27/02/2026 के पुर्व न्यायालय में स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एंव पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता छबिलालदास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवनन्दनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा निवेदन किया गया है, कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर नंबर 165/28, रकबा 0.012 हे0 भूमि को आवेदक द्वारा जगजीत सिंह पिता टी०एस०बग्गा निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर से क्रय हक के माध्यम से प्राप्त हुआ है। तथा जो भूमि वर्ष 1981-82 में बचन बग्गा पत्नी जगजीत सिंह के नाम से व्यपवर्तित हो चुकी है, उक्त भूमि का पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता का पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
**रा०प्र०क्र० ब-121/2025-26**
**ग्राम पंचायत महुडांड तहसील राजपुर**
**-:: ईश्तहार::-**

एत्द द्वारा सर्वसाधारण आम जनता महुडांड को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमरसाय आ० रामदेव जाति गोड़ निवासी ग्राम महुडाड थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपनी नानी स्व. सांझो पति स्व. जगदीश की मृत्यु ग्राम राजपुर में दिनांक 02/10/2010 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18./03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक. 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी
राजपुर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
**रा०प्र०क्र०. ब-121/2025-26**
**ग्राम पंचायत कर्रा तहसील राजपुर**
**-:: ईश्तहार::-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता कर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला आ० स्व. लोमारू जाति उराव निवासी ग्राम कर्रा थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपनी बहन स्व० मीना आ० स्व० लोमारू की मृत्यु ग्राम कर्रा में दिनांक 05/08/2010 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक.. 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी
राजपुर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
**रा०प्र०क्र०.ब-121/2025-26**
**ग्राम पंचायत कर्रा तहसील राजपुर**
**-:: ईश्तहार::-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता कर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला आ० स्व. लोमारू जाति उराव निवासी ग्राम कर्रा थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपनी माता स्व. सुको पति स्व. लोमारू की मृत्यु ग्राम कर्रा में दिनांक 15/10/2008 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक. 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी
राजपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०)
**रा०प्र०क्र० ब-121/2025-26**
**ग्राम पंचायत कर्रा तहसील राजपुर**
**-:: ईश्तहार::-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता कर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला आ० स्व. लोमारू जाति उराव निवासी ग्राम कर्रा थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपनी बहन स्व० गुड़ी आ० स्व० लोमारू की मृत्यु ग्राम कर्रा में दिनांक 10/11/2016 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक. 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी
राजपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र० /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अनिल कुमार गर्ग पिता अमरलाल वगै० जाति अग्रवाल निवासी शिवनन्दनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा निवेदन किया गया है. कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर नंबर 165/30, रकबा 0.014 हे० भूमि को आवेदक द्वारा जगजीत सिंह पिता टी०एस०बग्गा निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर से कय हक के माध्यम से प्राप्त हुआ है। तथा जो भूमि वर्ष 1981-82 में बचन बग्गा पत्नी जगजीत सिंह के नाम से व्यपवर्तित हो चुकी है, उक्त भूमि का पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

## नवी मुंबईः भारत का अगला वाणिज्यिक रियल एस्टेट केंद्र

नवी मुंबई : नवी मुंबई का ऑफिस मार्केट प्रमुख शहरों के औसत किराए से 21% कम किराए पर उपलब्ध है, जो विदेशी कंपनियों को आकर्षित कर रहा है और इसे एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। 32.7 मिलियन वर्ग फुट से अधिक ऑफिस स्पेस और नियोजित विस्तार के साथ, यह बहुराष्ट्रीय निगमों और वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए एक प्रमुख क्षेत्र बनता जा रहा है। नवी मुंबई भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, जहां कार्यालय का किराया अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में 21% कम है। सीआरई मैट्रिक्स की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे यह किफायती किराया बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को इस क्षेत्र की ओर आकर्षित कर रहा है।



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

## लाइफ Style

# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।



## हॉलीवुड मसाला



# खुद को फिट और फाइन रखते हैं


लॉस एंजिल्स। 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।



# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा


**मुंबई।** करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा

की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।




# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।

## टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

**मुंबई।** देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीजन टेलीविजन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

### चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, "सरप्राइज!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।


### स्कैम से सावधान रहने की अपील

प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नहीं मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### *कौन हैं प्रीति मुकुंदन?*

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान***

: आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!



### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।

## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



***मुंबई।** साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

## एनडीपीएस के फरार आरोपी को बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध जिले में सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। पूर्व में 25 जनवरी को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8383 सहित 2 व्यक्ति कटघोरा जिला कोरबा के मुकेश कंवर व योगेश कंवर उर्फ सोनू को पकड़ा था जिनके कब्जे से 10.850 किलो गांजा कीमत 2.50 लाख रूपये, परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में एक आरोपी नीतीश प्रकाश दीवान फरार था। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी बसदेई पुलिस लगातार आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच प्राप्त सूचना के आधार पर फरार आरोपी नीतीश प्रकाश दीवान चोटिया, थाना बांगो, वर्तमान निवासी टेगी पूरा कटघोरा, जिला कोरबा को पकड़ा गया।

पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार सिंह, दिलीप साहू, शिवराज शाह एवं सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

# महिला सशक्तिकरण समाज के लिए मजबूत और समृद्ध भविष्य की कुंजी : प्रशांत

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसएसपी ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात महिला अधिकारी व कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून, चिकित्सा और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे रही है, यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित है। इसी क्रम में थाना-चौकी में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारी के द्वारा पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लाईन में महिला कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें



महिला कर्मियों ने काफी हर्ष के साथ भाग लिया। कुसी दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक झमिता वरकरे, अंजली टोप्पो, जलेबी दौड़ में प्रथम एएसआई बबीता यादव, प्रधान आरक्षक अल्का टोप्पो, महिला आरक्षक नीलम भगत, गिलास निशानेबाजी में प्रथम महिला आरक्षक चिंता पैंकरा, देशमती, चंदा भास्कर व चम्मच दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक नीलम भगत रही। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी सहित महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने महिला कर्मचारियों के गुणवत्ता पूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से लेकर पुलिस, सेना तक हर क्षेत्र में कठिन कार्य कर रही हैं। देश की प्रगति में उनका योगदान अहम है। महिलाओं के इस जज्बे और योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। हम सभी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिला सशक्तिकरण हमारे समाज के लिए एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की कुंजी है।

# ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझ ऑटो चालक को पेड़ से बांध कर पीटा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नशेड़ी ऑटो चालक को बच्चों के प्रति हमदर्दी दिखाना महंगा पड़ गया।ग्रामीणों ने बच्चा चोरी के सन्देह में ऑटो चालक को पेड़ से बांध कर जमकर पिट दिया है।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।घटना ग्राम नमदगिरी की बताई गई है।नगर के रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के समीप के शराब के नशे में ऑटो चालक स्कूली छात्राओं को ऑटो से घर छोड़ने की बात करते हुये परेशान कर रहा था इसी दौरान वहां मौजूद लोगो उसे बच्चा चोर समझ पकड़कर पेड़ से बांध दिया और उसकी पिटाई कर दिया।इस दौरान सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह भीड़ के चंगुल से ऑटो चालक को निकाला और उसे ऑटो के साथ थाने ले आई ।वहीं चालक की पिटाई का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने का मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की है। बताया गया है कि ऑटो चालक विश्रामपुर का है और वह नमदगिरी अपना परिवार छोड़ने आया था। जहाँ से लौटते वक्त स्कूल जा रहे बच्चों को ऑटो से छोड़ने की बात कह बैठाने लगा। जिसे देख ग्रामीण भड़क गए और पकड़ कर जमकर पिट दिया।



# जलाशय जीर्णोद्धार के कार्य में ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

## कार्य प्रारम्भ कराने की मांग, बैजनाथपुर ( ब ) के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एसईसीएल द्वारा जिले के भैयाथान जनपद क्षेत्र के बैजनाथपुर (ब) जलाशय में मिट्टी संधारित करने से बांध की जलभराव क्षमता समाप्त हो गई थी। ग्रामीणों की मांग पर स्वीकृति पश्चात जल संसाधन विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ कराया गया। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा कार्य किया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और अब ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर कार्य शुरू कराने मांग की है। 10 दिन में कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। बैजनाथपूर ब के ग्रामीणों ने कलेक्टर एस जयवर्धन को सौपे अपने ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पंचायत एवं जनप्रतिधियों की माँग अनुरूप 2024-25 में शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई थी। बांध के ऊपरी सिरे में एसईसीएल भटगाँव द्वारा मिट्टी संधारित की गई थी, जो मिट्टी जलभराव एरिया जलाशय बैजनाथपुर ब में एकत्रित होने से बांध की जलभराव की क्षमता समाप्त हो गई। जिसे ग्राम वासियों की माँग पर पुन: स्वीकृति प्राप्त हुई और जल संसाधन विभाग द्वारा कार्य शुरू भी कराया गया। अब उक्त कार्य मे ठेकेदार पर आरोप है कि उसके द्वारा आधा-अधूरा काम छोड़कर लापरवाही बरती जा रही है। जिसको लेकर ग्रामवासी काफी आक्रोशित है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर इस चेतावनी के साथ कार्य प्रारंभ कराने हेतु मांग की गई है कि अगर 10 दिवस के अंदर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ तो वे धरना एवं चक्का जाम कर प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने गांव की समस्या को देखते हुए जलाशय का कार्य प्रारंभ एवं बांध से मिट्टी हटवाने का आग्रह किया है। उक्ताशय की प्रतिलिपि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व डिप्टी सीएम टी.एस. सिंहदेव, क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संसदीय, सचिव पारस राजवाड़े एवं जल संसाधन विभाग को देने की बात कही गई है।



ज्ञापन सौपने के दौरान पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, बैजनाथपुर ब के सरपंच सहित प्रदीप राजवाडे, मानिक चंद, रुपेश कुमार गुप्ता, बृजलाल राजवाडे, रामबिलाश राजवाडे सहित अन्य शामिल थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में नए केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के सुचारु संचालन हेतु विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 711066, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में श्री अभिमन्यु मौर्य, व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुलसुली, विकासखण्ड वाड्रफनगर को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

परीक्षा के दौरान संयुक्त संचालक, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर तथा उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा संचालन कार्य में केन्द्राध्यक्ष एवं कुछ पर्यवेक्षकों द्वारा लापरवाही एवं उदासीनता बरतना पाया गया।

उक्त कृत्य श्री अभिमन्यु मौर्य, व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुलसुली के पद के दायित्वों के विपरीत है तथा यह कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्र क्रमांक 711066, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में परीक्षा संचालन की निष्पक्षता एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्री अभिमन्यु मौर्य, व्याख्याता को तत्काल प्रभाव से केन्द्राध्यक्ष के प्रभार से मुक्त किया गया है।

उनके स्थान पर श्री राजेन्द्र प्रसाद प्रजापति, व्याख्याता (एल.बी.), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पशुपतिपुर को परीक्षा केन्द्र क्रमांक 711066, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर का केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे परीक्षा की शेष अवधि तक परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि पर्यवेक्षकों के कृत्य पर भी त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित पर्यवेक्षकों को भी मुक्त करते हुए बदली कर दी गई है।

# देश और समाज को सही दिशा दिखाने में नारी शक्ति की भूमिका अग्रणी : न्यायधीश

## जिला न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का हुआ सम्मान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां जिला न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन उन महिलाओं को समर्पित रहा जिन्होंने न्याय और समाज की बेहतरी में अपना अमूल्य योगदान दिया है।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती प्रज्ञा पचौरी एवं श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुश्री पायल टोपनो, श्रीमती रूचि मिश्रा एवं कुमारी हिमांशी सराफ सहित बड़ी संख्या में महिला अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी और पैरा लीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।





न्यायाधीशों ने अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश और समाज को सही दिशा दिखाने में नारी शक्ति की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हमें उन सभी वीरांगनाओं और व्यक्तित्वों को याद रखना चाहिए जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की राह प्रशस्त की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें न्याय के क्षेत्र में और अधिक सशक्त होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महिला न्यायाधीशों, वरिष्ठ महिला अधिवक्ताओं एवं वरिष्ठ पैरा लीगल वॉलेंटियर्स को न्यायाधीशों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण और समाज के प्रति अटूट सेवा भाव का प्रतीक है।

# *मतदाता सूची पुनरीक्षण में जिले की उत्कृष्ट उपलब्धि, एक भी अपील नहीं, आयोग ने की सराहना*

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जिले ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष एक भी अपील प्राप्त नहीं हुई, जिसकी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष सराहना की गई है। अंतिम प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई तथा आम नागरिकों के अवलोकन हेतु समस्त मतदान केंद्रों एवं सूरजपुर जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रकाशित की गई।

कैटेगरी-सी के अंतर्गत जिन मतदाताओं को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किए गए थे, उन सभी की सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से विधिवत् सुनवाई की गई। इस प्रक्रिया में अपात्र पाए गए मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित किए गए। साथ ही, जो मतदाता इस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं थे, उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (क) एवं मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 27 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 15 दिवस के भीतर अपील प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया था।

कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में संपूर्ण पुनरीक्षण प्रक्रिया इस मूल उद्देश्य के साथ संचालित की गई कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में सम्मिलित न हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बीएलओ तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया। विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उनके बूथ लेवल एजेंटों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दावा-आपत्ति अवधि के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की साप्ताहिक बैठकों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में आयोजित बैठकों में राजनैतिक दलों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

जिले के विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर, भटगांव एवं प्रतापपुर तीनों से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष एक भी अपील प्राप्त नहीं हुई। संपूर्ण पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न हुई। इस उपलब्धि पर भारत निर्वाचन आयोग ने जिले की प्रशंसा की है।

# महापरीक्षा अभियान 22 मार्च को आयोजित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों की पहचान और उन्हें साक्षर बनाने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे कर मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री की जा रही है।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में आगामी 22 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले महापरीक्षा अभियान को ध्यान में रखते हुए असाक्षर व्यक्तियों की पहचान का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि चिन्हांकित शिक्षार्थी उल्लास साक्षरता केन्द्रों से जुड़कर पढ़ना-लिखना सीख सकें और साक्षर बन सकें। सर्वे के दौरान 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे असाक्षरों का चिन्हांकन किया जा रहा है, जो पूर्व में संचालित साक्षरता कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके। ऐसे नवसाक्षरों को भी चिन्हांकित किया जा रहा है, जो पहले आयोजित साक्षरता अभियानों या उल्लास कार्यक्रम की महापरीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस), नई दिल्ली से प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर सके। साथ ही ऐसे नवसाक्षरों को भी शामिल किया जा रहा है, जो लंबे अंतराल के कारण पढ़ना-लिखना या दैनिक जीवन में आवश्यक जोड़-घटाना करने में असक्षम हैं।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों का भी चिन्हांकन किया जा रहा है। इसमें हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, पारा-टोला या मोहल्लों में रहने वाले शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व साक्षरता कार्यक्रमों से जुड़े एनजीओ प्रतिनिधि, एनएसएस, एनसीसी और स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं, बी.एड. एवं डी.एड. के प्रशिक्षार्थी, महाविद्यालयीन विद्यार्थी, स्व-सहायता समूहों के शिक्षित पदाधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राष्ट्रीय आजीविका मिशन की ग्राम सहायिकाएं तथा महिला मंडल और नवयुवक मंडल के उत्साही युवक-युवतियों को जोड़ा जा रहा है।

उल्लास कार्यक्रम के तहत राज्य एवं जिला स्तर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं बोनस अंक देने का प्रावधान किया गया है। कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उल्लास कार्यक्रम के तहत 8 से 10 असाक्षरों के लिए एक साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इन केन्द्रों के लिए यथासंभव ग्राम की प्राथमिक शालाओं का उपयोग किया जाएगा, ताकि शिक्षार्थियों को वहां तक पहुंचने में आसानी हो और प्रकाश सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सर्वेक्षण और चिन्हांकन कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग साक्षर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।


न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र० / अ-20(1) / 2025-26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता रामलखन गुप्ता, निवासी बीएसएनएल टावर के पास गोधनपुर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मोहल्ला देवीगंज रोड़, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर 02 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 554/2, 555/2 रकबा कमशः 0.01½, 0.02½ एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31.03.2026 है। आवेदक द्वारा लीज अवधि का नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा अपित्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील
भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्तू सिंह पिता राम चरण जाति गोड निवासी ग्राम कुर्रीडीह प.ह.न. ......रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र सिवक सिंह का जन्म दिनांक 12.02.2012 को ग्राम कुर्रीडीह में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र सिवक सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत कुर्रीडीह को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 25.03.026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 09.03.026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला : सूरजपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील
भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम प.ह.न.

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ताराचंद्र पिता मोहन जाति कंवर निवासी ग्राम सत्यनगर प.ह.न. रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के बाबा सोनसाय का जन्म/मृत्यु दिनांक 09/09/2009 को ग्राम सत्यनगर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने बाबा सोनसाय का जन्मध्मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सत्यनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 24/03/2026.तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील
भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम प.ह.न.

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सच्चिदानंद सिह पिता निरंजन जाति गोड़ निवासी खाडापारा प.ह.न रा०नि०म० भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री लियाना सिहं का जन्म दिनाँक 28.11.2021 को ग्राम खाडापारा में हुई है अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है आवेदक अपने पुत्री लियाना सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम खाडापारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनाँक 16/03/2026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
आज दिनाँक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला : सूरजपुर (छ.ग.)

### शपथ पत्र

मैं रामकुमार डहेरिया पिता श्री सुबेसर डहेरिया, उम्र-43 वर्ष, जाति-सतनामी, निवासी ग्राम बहनाटांगर म.नं.-49, पोस्ट-सुरेशपुर, तहसील-पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ व निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :- यह कि मैं दर्शाये उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम रोहन डहेरिया (ROHAN DAHERIYA) है। तथा पिता का वास्तविक एवं सही नाम राम कुमार डहेरिया है जो कि मेरे पुत्र के अंकसूची एवं स्कूल प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, जाति, निवास में दर्ज है, किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्र. 246211296635 में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम रहन (RAHAN) तथा पिता का नाम राम कुमार (RAM KUMAR) दर्ज हो गया है तथा जन्मतिथि 22.04.2006 के स्थान पर त्रुटिवश 1 01.01.2011 दर्ज हो गया है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पता भी त्रुटिवश बहनाटांगर के स्थान पर बेहनातनगर (BEHANATANGAR) दर्ज जो गया है। यह कि मैं अपने पुत्र का उपरोक्त आधार कार्ड क्र. 246211296635 में वास्तविक एवं सही नाम व पता को सही दर्ज करवाना चाहता हूँ। इस बाबत् यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ। यह कि मेर पुत्र के नाम जारी आधार कार्ड में सुधार करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथ कर्ता

# सरगुजा फ्रंटलाइन



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088


# आईजी औचक पहुचे जशपुर, वार्षिक निरीक्षण के साथ लगाया दरबार

## रक्षित केंद्र में ली परेड की सलामी, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा दीपक झा ने मंगलवार को जशपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र जशपुर पहुंचकर भव्य परेड की सलामी ली और पुलिस बल के अनुशासन, वेश-भूषा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेश-भूषा एवं अनुशासन का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। निरीक्षण दौरान आईजी दीपक झा ने रक्षित केंद्र में उपलब्ध शासकीय वाहनों का भी निरीक्षण किया और वाहनों का उचित रख-रखाव और नियमित देख-रेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



रक्षित केंद्र के वाहन शाखा, कैश शाखा, स्टोर शाखा तथा पुलिस कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। आयोजित पुलिस दरबार में आईजी दीपक झा ने जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं के निराकरण के लिए मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हमेशा अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों को उत्तम गणवेश में रहकर सख्त अनुशासन का पालन करना चाहिए। वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर की अनिवार्य जानकारी रखने की सलाह दी, ताकि आधुनिक पुलिसिंग और कार्यालयीन कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित किया जा सके। आईजी ने पुलिस बल को नशे से दूर रहने और भ्रष्टाचार से बचने की सख्त समझाइश दी। उन्होंने कहा पुलिस की छवि जनता के बीच एक ईमानदार और जिम्मेदार संस्था के रूप में बनी रहनी चाहिए। यदि किसी भी आपराधिक गतिविधि में पुलिस के किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक ने सिटी कोतवाली व पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया और कार्यालयीन कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि पुलिस व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। वार्षिक निरीक्षण के दौरान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक कुंजराम चौहान, उप पुलिस अधीक्षक आजाक भावेश समरथ, उप पुलिस अधीक्षक आशा तिर्की, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मोरध्वज देशमुख सहित समस्त थाना, चौकी के प्रभारी एवं आईजी स्टेनो मो. रियाज खान, रीडर रेमशलाल साहू उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने प्रोटोकॉल से हटकर महिलाओं के बीच जाकर किया संवाद

## ओबीसी महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, विभिन्न राज्यों से मातृशक्ति हुई शामिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन नईदिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इंदिरा भवन नई दिल्ली के आडिटोरियम में ओबीसी महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 9 मार्च को आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आई मातृशक्ति ने भाग लेकर सामाजिक न्याय और महिला नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ एवं सरगुजा संभाग से भी बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भागीदारी रही। इनका नेतृत्व ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग से आई सभी महिलाओं का परिचय ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिन्द से कराया, और छत्तीसगढ़ की ओर से सम्मान स्वरूप ओबीसी का गमछा ओढ़ाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस ऐतिहासिक सम्मेलन के सफल आयोजन की प्रमुख कर्ताधर्ता, पिछड़ा वर्ग के महान नेता स्व. शरद यादव की सुपुत्री सुहासिनी यादव ने छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग से आई मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी को सराहा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं सामाजिक न्याय की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने इसके लिए लक्ष्मी गुप्ता को विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। सम्मेलन के दौरान मातृशक्ति की प्रतिनिधियों ने



राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष अपनी बात रखी, जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सकारात्मक सहमति जताते हुए कहा कि निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग की महिलाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी दी जाएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की उपस्थिति ने सम्मेलन को और भी प्रेरणादायक बना दिया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग के अधिकारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इनके विचारों से सम्मेलन में उपस्थित सभी महिलाएं प्रभावित हुईं। राहुल गांधी ने अपने प्रोटोकॉल से हटकर महिलाओं के बीच पहुंचकर संवाद किया, और आत्मीयता से बातचीत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लक्ष्मी गुप्ता द्वारा ओबीसी समाज व संगठन को मजबूत करने और सामाजिक न्याय की आवाज को आगे बढ़ाने में दिए जा रहे योगदान को सराहा। सम्मेलन न केवल महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि सामाजिक न्याय की विचारधारा को नई ऊर्जा देने वाला भी रहा।

# सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह जमड़ी में संपन्न

## श्रीरामचरित मानस आदर्श चरित्र निर्माण व सुसंस्कृत समाज का आधार-डॉ. अशोक शर्मा

**छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान।** मां कुदरगढ़ी सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति की वार्षिक समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन श्री दुर्गा सेवा आश्रम जमड़ी में किया गया। समिति के मार्गदर्शक व दुर्गा मंदिर जमड़ी के प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा, वरिष्ठ मार्गदर्शक ददई राम कुशवाहा पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राम भरोष देवांगन समिति अध्यक्ष तथा 26वां आयोजन समिति झूमरपारा के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जायसवाल को सम्मानित किया गया। आयोजन में उत्कृष्ट सेवा हेतु गणेश प्रसाद राजवाड़े को सम्मानित किया गया।

बैठक में विगत वार्षिक आयोजन की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार पर चर्चा के साथ समिति के वार्षिक कार्यों का प्रतिवेदन व आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई। वहीं आगामी कार्ययोजना में समिति का पंजीयन नवीनीकरण, धन संग्रह, सदस्यता के साथ समिति का विस्तार, चैत्र नवरात्र के अवसर पर कुदरगढ़ मेला में सेवा कार्य, प्रथम दिवस सुंदरकांड का पाठ व हनुमान जयंती को समिति द्वारा ध्वज



अर्पण के साथ सामूहिक दर्शन सुंदरकांड पाठ तथा विभिन्न अवसरों पर दुर्गा आश्रम एमडी में सेवा का निर्णय लिया गया। आगामी आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग निर्णायक रखने तथा महिला व बालिका मंडलियों में सिर्फ महिलाओं की सहभागिता होने पर कुछ विशेष अंक का प्रावधान पर प्रस्ताव भी रखा गया। वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ. अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि श्री रामचरित मानस आदर्श चरित्र व सुसंस्कृत समाज का आधार है। भगवान राम के साथ उनके चरित्र को मानते हुए धर्म, संस्कृति, कला व समाज सेवा में समिति के सदस्यों में उत्साह व प्रतिबद्धता कायम रहे। समिति के वरिष्ठ मार्गदर्शक ददई राम कुशवाहा ने विभिन्न गतिविधियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया, समिति अध्यक्ष रामभरोष देवांगन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक के बाद होली मिलन समारोह अंतर्गत एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में दुर्गा आश्रम के सेवादारों द्वारा उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया गया। बैठक में संरक्षक सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, लक्ष्मी नारायण जायसवाल, रामलाल काशीपुरी, हरिनारायण दुबे, टेमनारायण राजवाड़े, कुंजलाल यादव, रूद्रप्रताप राजवाड़े, भजनलाल राजवाड़े, निवास चंद कुशवाहा, रामधारी राजवाड़े, गणेश प्रसाद, कृष्ण कुमार यादव, केशव प्रसाद सिंह, मोना दास, परमेश्वर राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, खुलेलाल राजवाड़े, देवीचरण, अनिल सिंह, बंशरूप, जीवन यादव आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## घर का सामान बेचकर पत्नी पी जाती थी शराब, पति ने ले ली जान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** घर का धान सहित अन्य सामान बेचकर शराब पीने से व्यथित पति ने गुस्से में पत्नी को ढेला से मारा, जिससे वह बेहोश होकर गिर गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के शारदापुर, चलगली की सुशीला पति रामाधार शराब पीने की आदी थी। शराब पीने के लिए घर में रखे धान सहित अन्य सामानों को बेच देती थी, और रुपये खत्म होने पर सप्ताह में कभी-कभार घर आना-जाना करती थी। इसे लेकर आए दिन पति-पत्नी के बीच विवाद की स्थिति बनती थी। आठ मार्च को सुशीला शराब पीकर घर आई और खाना खाकर सो गई। नींद खुलने पर पड़ोस में ही रहने वाले शिव के यहां शराब पीकर बैठी थी। शराब पीने के लिए धान बेचने को लेकर जब पति आपत्ति किया तो दोनों के बीच विवाद और मारपीट जैसी स्थिति निर्मित हो गई। आवेश में आकर पति मिट्टी के ढेला से तीन बार मारा, जिससे वह बेहोश होकर गिर गई। इसकी जानकारी रामाधार घर जाकर अपनी पुत्री सीमा को दिया। स्वजन उसे वाड्रफनगर स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, यहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# महिलाओं ने 'पंच परिवर्तन' के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उड़ान महिला समिति ने विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उड़ान महिला समिति, अंबिकापुर द्वारा माखन विहार होटल में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसपी सरगुजा की धर्मपत्नी शिल्पा-राजेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो की धर्मपत्नी प्रोफेसर रसमीत कौर के अलावा जीवन ज्योति संस्थान की निर्देशक संध्या सिंह, सिटी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. अलका सिंह, डॉ. शारदा भगत, डॉ. स्नेहा सिंह, प्रेमलता, राखी सोनी मिसेज सरगुजा सहित अन्य महिलाएं उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, रैम्प वॉक, मनोरंजक खेल तथा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया, जिससे उत्साह और आनंदमय वातावरण बन गया। महिलाओं ने खुलकर अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्र निर्माण, समाज की दिशा-दशा निर्धारण तथा महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर सकारात्मक चर्चा की। सभी महिलाओं ने 'पंच परिवर्तन' के मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प भी लिया। संकल्प के अंतर्गत सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, परिवार में संस्कार और संवाद को मजबूत करने, पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने, नागरिक शिष्टाचार का पालन करने तथा भारतीय संस्कृति, आत्मबल और स्वाभिमान के साथ समाज व राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने का प्रण लिया गया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मिसेज विनर श्रेणी में खुशबू गुप्ता ने प्रथम, शिल्पा सिंह ने द्वितीय तथा रश्मि श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मिस विनर श्रेणी में मानसी चैरसिया प्रथम, स्नेहा सिंह द्वितीय तथा सोमी ताम्रकार तृतीय स्थान पर रहीं। फूलों का गुलदस्ता आराधना मांझी ने तैयार किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उड़ान महिला समिति की अंजुला मिश्रा, कावेरी पाल, सवि चंद्रा, संध्या सिंह, गीता पैकरा सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने आयोजन में भाग लेकर इसे प्रेरणादायी और यादगार बना दिया। सभी ने एक स्वर में 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ समरस, संस्कारित, स्वच्छ और सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# महिला दिवस पर न्यायालय में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 09 मार्च को महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एल. चरयाणी ने समस्त महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और समाज में एवं जिला न्यायापालिका के कार्य में उनके योगदान की सराहना की। प्रतीक भेंट कर इन्हें सम्मानित भी किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का थीम गिव-टू-गेन रहा, जो इस बात पर जोर देता है कि कैसे हमारा आपसी सहयोग जेंडर इक्वालिटी की राह आसान बना सकता है।



यह विचार बहुत सरल है, पर गहरा असर रखता है और समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला भी आयोजित की गई थी, जिसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विधिक जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में सुरेश जून प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, आनंद राम ढिडही अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सरगुजा, अतुल श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटिज सरगुजा, ममता पटेल प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कमलेश जगदल्ला जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो, स्मिता रत्नावत पंचम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मुकेश कुमार तिवारी तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, महेश कुमार राज सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मनीष कुमार दुबे चतुर्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, चित्रलेखा सोनवानी जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, एफटीसी, जनक कुमार हिडको षष्ठम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पल्लव रघुवंशी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रहबरी खानम रिजवी, सीमा श्रीवास्तव, अन्पूर्णा राजवाड़े, व्यवहार न्यायालय सीतापुर से कुसुम भगत, दुर्गावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय सुरक्षा मंच ने डीलिस्टिंग गर्जना महारैली को लेकर तैयारी की तेज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच, सरगुजा द्वारा 'चलो दिल्ली अभियान' को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से उरांव सामाजिक भवन पटेलपारा, अंबिकापुर में जाने वालों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अभियान को सफल बनाने पर जोर, डीलिस्टिंग कानून को लेकर समाज में जागरूकता, गांव-गांव जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया गया। अब तक के कार्यों की विस्तृत समीक्षा तथा दिल्ली में आयोजित होने वाली डीलिस्टिंग जनजातीय गर्जना महारैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के मार्गदर्शक बीरबल सिंह ने डीलिस्टिंग कानून के विषय को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि



धर्मांतरण के कारण जनजातीय समाज की मूल पहचान, परंपरा और अधिकारों पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इसलिए डीलिस्टिंग कानून बनना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली जनजातीय गर्जना महारैली इस विषय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और टोला-टोला जाकर समाज के प्रत्येक परिवार से संपर्क करें तथा लोगों को दिल्ली महारैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनजातीय समाज की आवाज देश की राजधानी तक मजबूती से पहुंच सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में गांव-गांव व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा, ताकि महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जा सके। बैठक में जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव, मानकेश्वर भगत, गिरधर भगत, पुष्पा प्रधान, तिलक राम, बालमुनि प्रधान, उमाशंकर खलखो, पावन पूर्णाहुति भगत, मानसून भगत, सुरेन्द्र भगत, सचिन भगत, रामबिहारी सिंह, संदीप भगत, सीलो भगत, शांति भगत, सरोजना तिर्की सहित बड़ी संख्या में जनजाति सुरक्षा मंच सरगुजा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेक्टर सहित नागर छोड़कर भागा चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शोरूम के बाहर रखे नागर को अज्ञात व्यक्ति ट्रेक्टर में फंसाकर ले जाने लगा। संदेह होने पर मकान मालिक अमन सिंह ने आवाज लगाया तो वह ट्रेक्टर सहित नागर को छोड़कर भाग गया। घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनतराई की है। जॉन डियर ट्रेक्टर शोरूम में शाखा प्रबंधक लीलाधर यादव ने पुलिस थाना सीतापुर में लिखित में इसकी सूचना दी है।






स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर